समाचार

# प्लास्टिक फ्री कोरबा आधारित व्ही.सी.डी. का किया विमोचन




कोरबा 12 अक्टूबर 2019—कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा चलाए गए प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन आधारित वीडियो सी.डी. का विमोचन किया। यहां उल्लेखनीय है कि विगत दो माह से आयुक्त श्री राहुल देव के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्लास्टिक फ्री कोरबा कैम्पेन का वृहद आयोजन सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में किया जा रहा है, इस कैम्पेन के दौरान निगम द्वारा आयोजित आयोजनों, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता अभियान रैली, वाल पेंटिंग, रंगोली तथा विद्यालयीन छात्र—छात्राओं, संगठनों व आमनागरिकों द्वारा भेजी गई प्लास्टिक फ्री कोरबा पर आधारित वीडियो क्लिप, प्लास्टिक उपयोग से होने वाली हानियों पर लोगों के विचार, वक्ताव्य तथा उनके संकल्पों को इस वीडियो सी.डी. में समाहित किया गया है, जिसका विमोचन आज मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के करकमलों द्वारा किया गया। विमोचन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, कोरबा जिला प्रभारी मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, राज्य सभा सदस्य श्रीमती छाया वर्मा, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, विधायक पुरूषोत्तम कंवर एवं मोहित केरकेट्टा, पूर्व विधायक बोधराम कंवर एवं श्यामलाल कंवर, कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा, जिला पंचायत सी.ई.ओ. एस.जयवर्धन एवं आयुक्त श्री राहुल देव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।